 ISSN 2395-051X

# भारत में मानव विकास

डॉ. एस.एल. साहू
प्राध्यापक - वाणिज्य
शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)

मानव विकास के अंतर्गत तीन तत्वों को शामिल किया गया है (1) लम्बा और स्वस्थ्य जीवन (2) ज्ञान प्राप्त करना (3) जीवन स्तर प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधनों तक अपनी पहुंच बढ़ाना । इसे और स्पष्ट करते हुए मानव विकास रिपोर्ट (1997) ने उल्लेख किया है कि "आय केवल एक विकल्प है जो लोग प्राप्त करना चाहेंगें, चाहे यह बहुत महत्वपूर्ण है, परन्तु यह उनके समग्र जीवन का सार नहीं है। आय एक साधन है, जबकि मानव विकास एक ध्येय है।"

भारत में मानव विकास की तुलना विश्व के प्रमुख देशों से की गई है जो इस प्रकार है ।

(1) शिक्षा सूचकांक (Education Index) :-

मानव विकास का सबसे प्रमुख तत्व शिक्षा को माना गया है । विश्व के प्रमुख देशों में शिक्षा सूचकांक निम्न प्रकार है :-

तालिका क्र- 1
विश्व के प्रमुख देशों में शिक्षा सूचकांक

| सरल क्र | HDI Rank | देश | 1990 | 1995 | 2000 | 2005 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | नार्वे | 0.772 | 0.826 | 0.888 | 0.896 | 0.906 | 0.908 | 0.907 | 0.914 | 0.96 | 0.916 |
| 02 | 02 | आस्ट्रैलिया | 0.873 | 0.894 | 0.895 | 0.905 | 0.928 | 0.932 | 0.936 | 0.939 | 0.939 | 0.939 |
| 03 | 02 | स्वीटरलैण्ड | 0.695 | 0.727 | 0.803 | 0.823 | 0.880 | 0.883 | 0.885 | 0.889 | 0.892 | 0.891 |
| 04 | 04 | जर्मनी | 0.692 | 0.759 | 0.801 | 0.869 | 0.899 | 0.903 | 0.905 | 0.901 | 0.914 | 0.914 |
| 05 | 05 | डेनमार्क | 0690 | 0.751 | 0.809 | 0.895 | 0.899 | 0.930 | 0.932 | 0.934 | 0.923 | 0.923 |
| 06 | 05 | सिंगापुर | 0.488 | 0.566 | 0.649 | 0.670 | 0.799 | 0.807 | 0.812 | 0.811 | 0.814 | 0.814 |
| 07 | 07 | नीदरलैण्ड | 0.747 | 0.817 | 0.825 | 0.848 | 0.872 | 0.894 | 0.896 | 0.897 | 0 897 | 0.897 |
| 08 | 08 | आयरलैण्ड | 0.661 | 0.710 | 0.817 | 0.879 | 0.907 | 0.862 | 0.878 | 0.894 | 0.910 | 0.910 |
| 09 | 09 | आइसलैण्ड | 0.678 | 0.738 | 0.789 | 0.835 | 0.853 | 0.868 | 0.888 | 0.898 | 0.906 | 0.906 |
| 10 | 10 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 0.836 | 0.865 | 0.854 | 0.870 | 0.892 | 0.898 | 0.898 | 0.899 | 0.900 | 0.900 |
| 11 | 10 | कनाडा | 0.826 | 0.822 | 0.805 | 0.847 | 0.865 | 0.868 | 0.871 | 0.875 | 0.890 | 0.890 |
| 12 | 131 | भारत | 0.311 | 0.344 | 0.379 | 0.429 | 0.478 | 0.492 | 0.506 | 0.515 | 0.525 | 0.535 |

**Source- United nations Development Programme, Human Development Reports,Trends in the Human development Index.**

उपरोक्त तालिका क्रं-1 से स्पष्ट है कि विश्व के प्रमुख 10 देशों में शिक्षा सूचकांक प्रथम नम्बर पर नार्वे है और भारत का स्थान 131 वां है ।

2. जन स्वास्थ्य व्यय **(Public Health Expenditure):-**

मानव विकास के अंतर्गत सरकार द्वारा जन स्वास्थ्य पर किया गया व्यय भी शामिल है। यह सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत के रूप में है जो ।निम्नलिखित है ।

तालिका क्र.-2

विश्व के प्रमुख देशों में जन स्वास्थ्य व्यय

(सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत)

| सरल क्र | HDI Rank | देश | 1995 | 2000 | 2005 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | नार्वे | 6.5 | 6.8 | 7.4 | 7.8 | 7.7 | 7.8 | 8.0 | 8.3 |
| 02 | 02 | आस्ट्रेलिया | 4.8 | 5.4 | 5.7 | 6.1 | 6.3 | 6.3 | 6.3 | 6.3 |
| 03 | 02 | स्वीटर लैण्ड | 5.0 | 5.5 | 6.5 | 7.1 | 7.2 | 7.5 | 7.7 | 7.7 |
| 04 | 04 | जर्मनी | 7.7 | 8.0 | 8.0 | 8.6 | 8.3 | 8.4 | 8.6 | 8.7 |
| 05 | 05 | डेनमार्क | 6.7 | 7.3 | 8.3 | 9.4 | 9.3 | 9.4 | 9.6 | 9.2 |
| 06 | 05 | सिंगापुर | 1.5 | 1.2 | 1.0 | 1.4 | 1.3 | 1.5 | 1.7 | 2.1 |
| 07 | 07 | नीदरलैण्ड | 5.3 | 4.7 | 6.7 | 9.1 | 9.1 | 9.5 | 9.6 | 9.5 |
| 08 | 08 | आयरलैण्ड | 4.7 | 4.5 | 5.5 | 6.1 | 5.5 | 5.6 | 5.3 | 5.1 |
| 09 | 09 | आइसलैण्ड | 6.9 | 7.5 | 7.5 | 7.1 | 7.0 | 7.01 | 7.1 | 7.2 |
| 10 | 10 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 5.9 | 5.7 | 6.7 | 8.1 | 8.1 | 8.0 | 8.0 | 8.3 |
| 11 | 10 | कनाडा | 6.3 | 6.1 | 6.7 | 7.9 | 7.7 | 7.7 | 7.6 | 7.4 |
| 12 | 131 | भारत | 1.1 | 1.1 | 1.1 | 1.2 | 1.2 | 1.2 | 1.3 | 1.4 |

**Source - United nations Development Programme,Human Development Reports, Public Health Expenditure.**

उपरोक्त तालिका-2 से स्पष्ट है कि नार्वे डेनमार्क, नीदरलैण्ड, आइसलैण्ड जैसे छोटे देशों में जन स्वास्थ्य पर व्यय 5.1 प्रतिशत से लेकर 9.5 प्रतिशत है जबकि भारत में यह व्यय सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.4 प्रतिशत है ।

3. मानव हत्यादर (Homicide Rate) :-

मानव विकास के अंतर्गत मानव का मानव से आपसी प्रेम भी शामिल किया गया है। इसके अभाव में आपसी वैमनस्य, भेदभाव, घृणा होती है, जो अंत में मानव हत्या का रूप लेती है। विश्व के प्रमुख देशों में मानव हत्या दर प्रति एक लाख जनसंख्या पर निम्नलिखित है :-

तालिका क्र -3

विश्व के प्रमुख देशों में मानव हत्यादर

(प्रति 1 लाख जनसंख्या पर)

| सरल क्र. | HDI Rank | देश | 2000 | 2005 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | नार्वे | 1.1 | 0.7 | 0.6 | 2.2 | 0.5 | 0.9 | 0.6 |
| 02 | 02 | आस्ट्रेलिया | 1.9 | 1.3 | 1.1 | 1.1 | 1.1 | 1.1 | 1.0 |
| 03 | 02 | स्वीटर लैण्ड | 0.1 | 1.0 | 0.7 | 0.6 | 0.6 | 0.7 | 0.5 |
| 04 | 04 | जर्मनी | 1.2 | 1.1 | 0.1 | 0.9 | 0.8 | 0.8 | 0.9 |
| 05 | 05 | डेनमार्क | 1.1 | 0.1 | 0.8 | 0.8 | 0.7 | 0.7 | 1.0 |
| 06 | 05 | सिंगापुर | 0.9 | 0.5 | 0.4 | 0.3 | 0.2 | 0.3 | 0.3 |
| 07 | 07 | नीदरलैण्ड | 1.1 | 1.1 | 0.9 | 0.9 | 0.9 | 0.7 | .. |
| 08 | 08 | आयरलैण्ड | 0.1 | 1.2 | 1.1 | 0.9 | 1.2 | 1.1 | 1.1 |
| 09 | 09 | आइसलैण्ड | 1.8 | 1.0 | 0.6 | 0.9 | 0.3 | 0.3 | .. |
| 10 | 10 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 5.5 | .. | 4.8 | 4.7 | 4.7 | 3.9 | .. |
| 11 | 10 | कनाडा | 1.6 | 1.8 | 1.4 | 1.5 | 1.6 | 1.4 | .. |
| 12 | 131 | भारत | 4.5 | 3.6 | 3.4 | 3.5 | 3.4 | 3.3 | 3.2 |

**Source - United nations Development Programme, Human Development Reports, Homicide Rate.**

उपरोक्त तालिका क्र.-3 से स्पष्ट है कि भारत में मानव हत्या दर प्रति एक लाख पर 3.2 से 4.5 है। नार्वे, आस्ट्रेलिया, डेनमार्क, सिंगापुर में यह दर 1 से भी कम होती जा रही है। भारत में मानव हत्या दर अधिक होने का कारण अंधविश्वास है जैसे बिहार में किसी महिला को डायन घोषित करके उसकी हत्या कर दी जाती है। म.प्र. के भिण्ड, मुरैना में लड़की के जन्म होने पर उसकी हत्या कर दी जाती है। नक्सली संगठन एवं आंतकवादियों द्वारा भी बड़ी मात्र में हत्यायें की जाती है ।

4. प्रति व्यक्ति वर्षिक आय (Per Capital Annual Income) रू.Rank

सकल राष्ट्रीय में देश की कुल जनसंख्या का भाग देने पर प्रति व्यक्ति आय की गणना की गणना की

 ISSN 2395-051X

जाती है। यह गणना अमेरिकन डालर में की गई है। विश्व के प्रमुख देशों में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय निम्नलिखित है :-

तालिका क्रं -4

प्रति व्यक्ति वार्षिक आय (अमेरिकन डालर में)

| सरल क्र | HDI Rank | देश | 1990 | 1995 | 1998 | 1999 | 2000 | 2001 | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | नार्वे | 42190 | 50103 | 55983 | 56834 | 57957 | 59648 | 60292 | 60657 | 62457 | 64230 |
| 02 | 02 | आस्ट्रैलिया | 27836 | 30942 | 34312 | 35357 | 35687 | 36714 | 37407 | 38513 | 38904 | 39422 |
| 03 | 02 | स्वीटर लैण्ड | 47638 | 45899 | 49276 | 50217 | 52331 | 51437 | 50557 | 52159 | 53071 | 55434 |
| 04 | 04 | जर्मनी | 31975 | 33791 | 35058 | 35667 | 36743 | 37237 | 37037 | 36864 | 37914 | 38217 |
| 05 | 05 | डेनमार्क | 32440 | 36313 | 3894 | 40003 | 40868 | 41324 | 41475 | 41752 | 43186 | 44259 |
| 06 | 05 | सिंगापुर | 34317 | 45751 | 48928 | 50556 | 52784 | 50694 | 50478 | 50897 | 52211 | 54872 |
| 07 | 07 | नीदरलैण्ड | 32272 | 35547 | 38831 | 41218 | 472841 | 4252 | 42431 | 42879 | 43751 | 43991 |
| 08 | 08 | आयरलैण्ड | 19546 | 23489 | 29683 | 31562 | 34312 | 34918 | 35660 | 37727 | 38764 | 40625 |
| 09 | 09 | आइसलैण्ड | 25071 | 24201 | 27659 | 28464 | 29404 | 30107 | 29975 | 30854 | 32809 | 342215 |
| 10 | 10 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 37369 | 39723 | 43361 | 44910 | 46267 | 46318 | 46690 | 47656 | 49074 | 50240 |
| 11 | 10 | कनाडा | 30174 | 31046 | 33341 | 34688 | 36408 | 36603 | 37379 | 37754 | 38671 | 39523 |
| 12 | 131 | भारत | 1751 | 2035 | 2292 | 2452 | 2495 | 2575 | 2634 | 2792 | 2966 | 3191 |

**Source - United nations Development Programme, Human Development Reports, Percapital Income.**

उपरोक्त तालिका क्रं -4 से स्पष्ट है कि प्रतिव्यक्ति आय भारत से आस्ट्रेलिया की 20 गुना, जर्मनी की 17 गुना, सिंगापुर की 17 गुना और संयुक्त राज्य अमेरिका की 15 गुना है। विश्व स्तर पर भारत की तुलना करने पर यह ज्ञात होता है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय बहुत कम है। इसका कारण प्राकृतिक संसाधनों का पर्याप्त मात्र में विदोहन न होना और दूसरा कारण तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या है।

5. जनसंख्या रोजगार अनुपात **(Employment to Population Ratio)** :–

14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना अपराध की श्रेणी में आता है । अतः 15 वर्ष या अधिक आयु की जनसंख्या का रोजगार से अनुपात ज्ञात किया गया है । विश्व के प्रमुख देशों में गणना प्रतिशत में की गई है जो निम्नलिखित है :-

तालिका क्र. - 5

जनसंख्या रोजगार अनुपात

(15 वर्ष से अधिक आयु का प्रतिशत में)

| सरल क्र. | HDI Rank | देश | 1995 | 2000 | 2005 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | नार्वे | 58.7 | 63.8 | 62.5 | 63.4 | 63.4 | 63.3 | 62.9 | 62.7 | 62.2 |
| 02 | 02 | आस्ट्रेलिया | 58.4 | 59.5 | 61.3 | 62.1 | 62.3 | 61.9 | 61.3 | 60.8 | 60.7 |
| 03 | 02 | स्वीटर लैण्ड | 65. | 66.5 | 64.1 | 64.8 | 65.4 | 65.3 | 65.3 | 65.6 | 65.7 |
| 04 | 04 | जर्मनी | 53.7 | 53.9 | 51.9 | 5.2 | 56.5 | 56.7 | 57.1 | 57.4 | 57.6 |
| 05 | 05 | डेनमार्क | 60.7 | 62.8 | 62.7 | 59.5 | 59.1 | 58.5 | 58.0 | 58.0 | 58.1 |
| 06 | 05 | सिंगापुर | 62.8 | 63.0 | 62.3 | 65.1 | 66.5 | 66.1 | 65.6 | 65.5 | 65.0 |
| 07 | 07 | नीदरलैण्ड | 54.3 | 61.2 | 61.4 | 61.7 | 61.4 | 61.3 | 60.2 | 59.7 | 59.9 |
| 08 | 08 | आयरलैण्ड | 47.4 | 56.8 | 59.9 | 52.7 | 51.8 | 51.5 | 52.8 | 53.6 | 54.3 |
| 09 | 09 | आइसलैण्ड | 72.2 | 75.4 | 73.6 | 68.9 | 68.6 | 69.4 | 70.1 | 70.6 | 70.8 |
| 10 | 10 | संयुक्त राष्ट्र अमेरिका | 62.0 | 63.7 | 51.7 | 57.5 | 57.4 | 57.8 | 57.9 | 58.3 | 58.8 |
| 11 | 10 | कनाडा | 58.3 | 60.9 | 62.1 | 61.1 | 61.4 | 61.4 | 61.5 | 61.2 | 61.0 |
| 12 | 131 | भारत | 58.1 | 56.4 | 57.9 | 53.4 | 52.7 | 52.0 | 51.9 | 51.8 | 51.9 |

**Source - United nations Development Programme,Human Development Reports, Employment To Population Ratio.**

उपरोक्त तालिका क्र-5 से स्पष्ट है कि विश्व के प्रमुख देशों में जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। कनाड़ा में रोजगार के अवसरों में निरंतर वृद्धि हो रही है। रोजगार के अवसरों में उच्चावचन सभी देशों में है किन्तु आइसलैण्ड जैसे छोटे देश में जनसंख्या रोजगार अनुपात सबसे अच्छा है। संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों में भी जनसंख्या रोजगार अनुपात घटा है । उसका कारण विश्वव्यापी मंदी का प्रभाव है। भारत में यह अनुपात 1995 में 58.1 प्रतिशत था जो 2015 में घटकर 51.9 प्रतिशत रह गया है। इसका मुख्य कारण जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि होना है।

निष्कर्ष :-

विश्व स्तर पर मानव विकास के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा नार्वे को प्रथम स्थान पर रखा है, द्वितीय स्थान पर आष्ट्रेलिया, तृतीय स्थान पर स्वीटरलैण्ड, चौथे स्थान पर जर्मनी, पांचवे स्थान पर डेनमार्क और सिंगापुर है। नीदरलैण्ड, आयरलैण्ड, आइसलैण्ड, जैसे छोटे देश मानव विकास सूचकांक की रेंक सूची में सर्वोच्च दस स्थानों में रखे गये हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा दसवें स्थान पर है। मानव विकास की

 ISSN 2395-051X

दृष्टि से भारत 131 वें स्थान पर है जो काफी पीछे है। भारत में मानव विकास संतोषजनक स्थिति में नहीं है । भारत में विभिन्न राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रें में मानव विकास पर बल दिया जाना आवश्यक है । भारत को विकास के ऐसे ढ़ांचे को अपनाना चाहिए जो (1) रोजगार परक हो (2) जिससे समतावादी विकास Equitable Grouth) को बढ़ावा मिले (3) जिससे सहयोगी विकास (Participaroty Grouth) प्रोन्नत हो। (4) जिससे पोषणीय विकास को बढ़ावा दिया जा सके । यदि विकास के ऐसे ढ़ांचे का अनुसरण किया जाता है तो इससे एकतरफा विकास से बचा जा सकता है ।

भारत को पूर्ण रोजगार के प्रति अपनी बचनबद्धता प्रदर्शित करनी होगी। इसके साथ-साथ विकास प्रक्रिया को समतापूर्वक विकास के साथ अधिक जनसहयोग को बढ़ावा देना होगा। उसके लिए स्वास्थ्य और शिक्षा में भारी विनियोग करना होगा ताकि एक बेहतरं श्रमशक्ति द्वारा उत्पादकता बढ़ाई जा सके जिसके परिणामस्वरूप विकास के लाभों में श्रम को बेहतर भाग मिल सके । तीव्र आर्थिक विकास और तीव्र मानव विकास में कोई अंतर्विरोध नहीं है, दोनों एक दूसरे के पूरक है। भारत में जब तक इन दोनों में संतुलन स्थापित नहीं होता तब तक उच्च मानव विकास के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता । अतः तीव्र आर्थिक विकास एवं तीव्र मानव विकास में संतुलन आवश्यक है ।